आयुक्त / अध्यक्ष महोदय के आदेश दिनांक 05.12.07 के में योजना के निर्माण एवं विकास हेतु प्राधिकरण के पैनल से आर्किटेक्ट का चयन करते उनसे योजना का मेक्रो प्लानिंग एवं ले–आउट प्लान तैयार कराकर इसे हरिद्वार विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित करने का निर्णय लिया गया है। जिसकी पुष्टि प्राधिकरण की 44 वीं बोर्ड बैठक दिनांक 24.05.2008 में की गयी। चयनित आर्किटेक्ट से योजना का मेक्रो प्लानिंग कराकर उसका विस्तृत तलपट मानचित्र तैयार कराया गया है। तलपट मानचित्र के अनुसार योजना में एक बेडरूम, दो एवं तीन प्रमीयम बेडरूम, शापिंग सेन्टर, हैल्थ क्लब आदि के निर्माण के साथ–2 अन्य सभी आवश्यक अवस्थापना सुविधाओं को विकसित करने का कार्य प्रस्तावित है, जिसका प्रस्तुतिकरण बोर्ड के समक्ष चयनित आर्किटेक्ट द्वारा किया जा रहा है। योजना को दिनांक 15.06.2009 से प्रारम्भ किया जाना प्रस्तावित है।
अतः प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष संज्ञानार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्या–46(07)

ट्रांसपोर्ट नगर योजना के तलपट मानचित्र के संशोधन सम्बन्धी ।

ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अन्तर्गत ट्रांसपोर्ट आफिस, स्पेयर पार्ट्स आदि, गोदाम, शोरूम, वर्कशाप के साथ–2 अन्य व्यवसायिक भूखण्ड पेट्रोल पम्प, गेस्ट हाउस, कामर्शियल भूखण्ड, होटल, नर्सिंग होम, धर्मशाला, ढाबा, वेईंग ब्रिज प्रस्तावित किये गये । योजना में भूखण्डों के आवंटन हेतु प्रथम चरण में पंजीकरण खोला गया । ट्रांसपोर्ट कार्यालय, विभिन्न श्रेणी की दुकानों हेतु प्रस्तावित भूखण्डों को छोड़कर किसी भी श्रेणी में प्रस्तावित भूखण्डों के सापेक्ष आवेदन प्राप्त नहीं हुए । द्वितीय चरण में पंजीकरण पुनः खोला गया । इस चरण में भी गोदाम , शोरूम, वर्कशाप, पेट्रोल पम्प, गेस्ट हाउस, कामर्शियल भूखण्ड, नर्सिंग होम, धर्मशाला, ढ़ाबा, वेईंग ब्रिज हेतु कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। इसका कारण इन भूखण्डों के क्षेत्रफल अधिक होने, शहरी क्षेत्र में इस श्रेणी के व्यवसायियों की कमी होना मुख्यतः है। इसी प्रकार योजना में आर0टी0ओ0 आफिस, टेलीफोन एक्सचेन्ज, पुलिस स्टेशन, फायर स्टेशन का प्राविधान किया गया है। बोर्ड के संज्ञान में लाना है कि आर.टी.ओ. आफिस जिला मुख्यालय में शिफ्ट किया जा चुका है , टेलीफोन एक्सचेन्ज 1 कि0मी0 की दूरी पर स्थापित है तथा वर्तमान में तकनीकी विकास में उत्तरोत्तर बृद्धि होने के फलस्वरूप वायरलेस टेलीफोन अधिकतर उपयोग में लाये जा रहे है, पुलिस स्टेशन 1.00 कि0मी0 की दूरी पर स्थित है । अतः इन परिस्थितियों उक्त विभागों से भूमि की आवश्यकता के सम्बन्ध में जानकारी करके उसी के अनुरूप भूखण्ड़ क्षेत्रफल प्रस्तावित किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः प्रस्ताव है कि योजना के अन्तर्गत पुनः सर्वे उपरान्त डिमाण्ड़ के आधार पर योजना को संशोधित कर लिया जाए। प्रस्ताव बोर्ड के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्या—46(08)

श्री डी0के0 अग्रवाल , हरिद्वार—ऋषिकेश मार्ग, श्यामपुर के पेट्रोल पम्प के निर्माण के सम्बन्ध में वाद

श्री डी0के0अग्रवाल , श्यामपुर, हरिद्वार ऋषिकेश मार्ग, जिला देहरादून के शमन प्रार्थना पत्र 03.03.05 के सम्बन्ध में प्राधिकरण स्तर से जांच करायी गयी । भू—उपयोग (पी—5) कृषि हरित पट्टी होने के कारण शासनादेश अनुसार भूमि परिवर्तन शुल्क भूमि मूल्य का 75 प्रतिशत जमा कराने की विपक्षी द्वारा सहमति प्रदान की गयी। शासनादेशानुसार भू—उपयोग परिवर्तन शुल्क रू0—9,52,427/— की प्राधिकरण द्वारा दिनांक 16.09.05 में स्वीकृति प्रदान की गयी। शासनादश संख्याः 4752 दिनांक 01.11.2004 की गाईड लाईन के अनुसार मानचित्र की जांच नगर एवं ग्राम नियोजन विभाग से करायी गयी । नगर नियोजन की रिपोर्ट संख्या 398 दिनांक 22.02.08 के अनुसार मार्गाधिकार से प्रभावित निर्माण आवेदक से हटाने एवं पुष्टि उपरान्त शमन की कार्यवाही की जा सकती है। तद्नुसार विपक्षी को सूचित करते हुए मार्गाधिकार से प्रभावित निर्माण को ध्वस्त करने हेतु दिनांक 05.03.08 को सूचित किया गया । विपक्षी द्वारा मानचित्र में पीले रंग से प्रदर्शित ध्वस्तीकरण भाग को मानचित्र स्वीकृत होते ही अपने हर्जे—खर्चे पर ध्वस्त करने हेतु शपथ पत्र दिनांक 13.03.08 प्रस्तुत किया गया ।
शासनादशानुसार भू—उपयोग परिवर्तन सम्बन्धी प्रस्ताव के अनुमोदन हेतु प्राधिकरण की 44वीं बोर्ड बैठक में प्रस्तुत किया गया । बोर्ड द्वारा टिप्पणी की गयी कि आवेदक द्वारा इस स्थल का मानचित्र स्वीकृत हेतु प्रस्तुत क्यों नहीं किया गया ? बिना स्वीकृति के अनाधिकृत निर्माण क्यों किया गया । क्या स्थल का मानचित्र भवन उपविधि के अनुसार स्वीकृत किया जा सकता है।
बोर्ड के निर्णय के कम में अवगत कराना है कि मानचित्र स्वीकृत न कराने के फलस्वरूप तथा कार्य प्रगति पर पाये जाने पर प्राधिकरण द्वारा अधिनियम के अन्तर्गत धारा—27/28 की कार्यवाही की गयी। विपक्षी द्वारा अवगत कराया गया है कि जिलाधिकारी से पेट्रोल पम्प लगाने की अनुमति प्राप्त की गयी है। ग्रामीण क्षेत्र होने के कारण हमें मालूम नहीं था कि इस निर्माण को हरिद्वार विकास प्राधिकरण से स्वीकृत कराना पड़ता है। विपक्षी द्वारा इसी कम में प्राधिकरण को शमन मानचित्र प्रस्तुत किया गया । शासनादेश के कम में भू—उपयोग परिवर्तन शुल्क रू0—9,52,427/— जमा कराया जा चुका है। मानचित्र भवन उपविधि के अनुसार स्वीकृत किया जा सकता है।
शासनादेश सं0—4752 दिनांक 01.11.04 के अनुसार फीलिंग स्टेशन/फीलिंग कम सर्विस स्टेशन हेतु मार्ग निर्देशन अनुसार प्राधिकरण बोर्ड द्वारा स्वीकृति हेतु अनुमोदन किया जाना है।
अतः प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्या—46(08)

श्री डी0के0 अग्रवाल , हरिद्वार—ऋषिकेश मार्ग, श्यामपुर के पेट्रोल पम्प के निर्माण के सम्बन्ध में वाद।

श्री डी0के0अग्रवाल , श्यामपुर, हरिद्वार ऋषिकेश मार्ग, जिला देहरादून के शमन प्रार्थना पत्र 03.03.05 के सम्बन्ध में प्राधिकरण विस्तृत विचार विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि सर्वप्रथम पक्ष द्वारा जो सड़क पर अतिक्रमण किया गया है उसे तोडने के पश्चात एक माह के अन्दर स्वीकृति प्रदान कर दी जाय।

मद संख्या—46(09)

ग्राम अहमदपुर कडच्छ, परगना ज्वालापुर, हरिद्वार के अन्तर्गत हरिद्वार—रूड़की मुख्य मार्ग पर सैनी आश्रम के सामने होटल निर्माण की स्वीकृति विषयक ।

विचार विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि इस विषय पर विस्तृत एवं औचित्यपूर्ण विवरण तकनीकि दृष्टिकोण एवं उपविधि के आधार पर तैयार कर परिचालन विधि से स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया जाय।

मद संख्या—46(10)

निदेशक, मैसर्स सीरिन टूरिज्म वैंचर्स, ग्राम घुघत्यानी तल्ली जिला टिहरी गढवाल के भू—उपयोग परिवर्तन के आवेदन विषयक ।

इस विषय पर बैठक में विस्तृत विचार विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि इस प्रकरण को प्रस्तावित महायोजना के अन्तर्गत स्थिति को दर्शित करते हुये पूर्ण औचित्य सहित सुस्पष्ट प्रस्ताव सहित आगामी बोर्ड बैठक मे विचारार्थ रखा जाये।

STCP, TCP UK

EXECUTIVE ENGIEER
IRRIGATION DIVISION
HARIDWAR

seceretary

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
हरिद्वार

जिलाधिकारी
हरिद्वार

vice chairman

(टीकमसिंह पँवार)
संयुक्त सचिव
पेयजल, महिला सशक्तिकरण
एवं बाल विकास विभाग
उत्तराखण्ड शासन

chairman

मद संख्या–46(09)

ग्राम अहमदपुर कडच्छ, परगना ज्वालापुर, हरिद्वार के अन्तर्गत हरिद्वार–रूड़की मुख्य मार्ग पर सैनी आश्रम के सामने होटल निर्माण की स्वीकृति विषयक ।

सैनी आश्रम के सामने, ज्वालापुर में लगभग 1800 व0मी0 विपक्षी श्री दुष्यन्त कुमार गौतम द्वारा अनाधिकृत निर्माण किये जाने के विरूद्ध प्राधिकरण में वाद योजित किया गया। निर्माण कार्य बेसमेन्ट स्तर पर है। उक्त वाद के कम में विपक्षी शमन दिनांक 14.05.09 में आवेदन किया गया । उक्त स्थल का भू–उपयोग हरिद्वार महायोजना मानचित्र भाग–अ (2001) के अनुसार आवासीय उच्च धनत्व (आर–1) व 30 मीटर महायोजना मार्ग पर स्थित है। विपक्षी द्वारा होटल का निर्माण हेतु शमन प्रार्थना पत्र दिया गया है। उक्त भू–उपयोग में होटल का निर्माण अनुमन्य नहीं है। हरिद्वार महायोजना भाग–अ (1985–2001) के विन्दु संख्या–13 में ''जोनिंग रेगुलेशन'' के अनुसार आवासीय क्षेत्र में विकास प्राधिकरण सभा द्वारा विशेष परिस्थितियों में अनुमोदित भू–उपयोग में होटल एवं रेस्ट्रा/होटल का निर्माण का निर्माण अनुमन्य किया जा सकता है। प्रश्नगत स्थल का भू–उपयोग प्रस्तावित महायोजना के प्रारूप (2025) के अनुसार व्यवसायिक प्रदर्शित है। भवन उपविधि के अनुसार होटल हेतु न्यूनतम आवश्यक क्षेत्रफल 1500 व0मी0 से अधिक है।जिस पर होटल का निर्माण बोर्ड के अनुमोदन उपरान्त नियमानुसार स्वीकृत किया जा सकता है।

अतः प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्या–46(10)

निदेशक, मैसर्स सीरिन टूरिज्म वैंचर्स, ग्राम घुघत्यानी तल्ली जिला टिहरी गढवाल के भू–उपयोग परिवर्तन के आवेदन विषयक ।

श्री किशोर सी0 दोषी, ग्राम घुघत्यानी तल्ली, जिला–टिहरी गढवाल के द्वारा ऋषिकेश महायोजना (2011) के निर्धारित कृषि भू–उपयोग से पर्यटन भू–उपयोग में परिवर्तन हेतु दिनांक 19.03.09 में आवेदन किया गया । प्राधिकरण द्वारा जांच करायी गयी। खसरा सं0–123 से 129, 134 से 138, 151, 152 व 155 से 156, 158, 160 से 162, 166, 167, 167 से 177, 179 से 184, 185मि0, 186 से 188, 190 से 197 एवं 199 का कुल रकबा 0.727 अर्थात 7270 व0मी0 प्रस्तावित किया गया । शासनादेश संख्या 1205 दिनांक 12.04.05 के अनुसार कृषि भू–उपयोग से पर्यटन भू–उपयोग अनुमन्य है । प्रस्तावित खसरा के अन्तर्गत उल्लिखित भूमि का भू–उपयोग परिवर्तन प्राधिकरण बोर्ड की स्वीकृति उपरान्त शासन से अनुमोदन पर विचार किया जा सकता है। अतः प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्या–46(11)

श्री मनमोहन सिह रावत पुत्र श्री अमर सिंह रावत मैसर्स हिमालयन मिनरल वाटर्स प्रा0लि0 ग्राम सलेमपुर महदूद जिला–हरिद्वार के भू–उपयोग परिवर्तन विषयक आवेदन ।

श्री मनमोहन सिह रावत पुत्र श्री अमर सिंह रावत मैसर्स हिमालयन मिनरल वाटर्स प्रा0लि0 ग्राम सलेमपुर महदूद जिला–हरिद्वार के द्वारा हरिद्वार महायोजना (2001) के निर्धारित कृषि हरित पट्टी (पी–5) से आवासीय में परिवर्तन हेतु दिनांक 28.02.09 में आवेदन किया गया । प्राधिकरण द्वारा जांच करायी गयी। खसरा सं0–1511, 1519, 1527, 1550 का कुल रकबा 3.956 हैक्टेयर प्रस्तावित किया गया । हरिद्वार महायोजना के प्रारूप (2025) में उक्त खसरा का भू–उपयोग आवासीय निम्न धनता (आर–2) प्रदर्शित है। शासनादेश संख्या 1205 दिनांक 12.04.05 के अनुसार कृषि भू–उपयोग से व्यवसायिक भू–उपयोग अनुमन्य है । प्रस्तावित खसरा के अन्तर्गत उल्लिखित भूमि का भू–उपयोग परिवर्तन प्राधिकरण बोर्ड की स्वीकृति उपरान्त शासन से अनुमोदन पर विचार किया जा सकता है।

अतः प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्या–46(11)

श्री मनमोहन सिह रावत पुत्र श्री अमर सिंह रावत मैसर्स हिमालयन मिनरल वाटर्स प्रा0लि0 ग्राम सलेमपुर महदूद जिला–हरिद्वार के भू–उपयोग परिवर्तन विषयक आवेदन ।

इस विषय पर बैठक में विस्तृत विचार विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि इस प्रकरण को प्रस्तावित महायोजना के अर्न्तगत स्थिति को दर्शित करते हुये पूर्ण औचित्य सहित सुस्पष्ट प्रस्ताव सहित आगामी बोर्ड बैठक मे विचारार्थ रखा जाये।

मद संख्या–46(12)

श्री मनमोहन सिह रावत पुत्र श्री अमर सिंह रावत मैसर्स हिमालयन मिनरल वाटर्स प्रा0लि0 ग्राम सलेमपुर जिला–हरिद्वार के भू–उपयोग परिवर्तन विषयक आवेदन ।

इस विषय पर बैठक में विस्तृत विचार विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि इस प्रकरण को प्रस्तावित महायोजना के अर्न्तगत स्थिति को दर्शित करते हुये पूर्ण औचित्य सहित सुस्पष्ट प्रस्ताव सहित आगामी बोर्ड बैठक मे विचारार्थ रखा जाये।

मद संख्या–46(13)

श्री राजीव जैन पुत्र श्री सुमेर चन्द जैन, निदेशक, बिंदल टैक्स फैब प्रा0लि0, ग्राम एतमलपुर बोंगला, जिला– हरिद्वार के भू–उपयोग परिवर्तन विषयक आवेदन।

इस विषय पर बैठक में विस्तृत विचार विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि इस प्रकरण को प्रस्तावित महायोजना के अर्न्तगत स्थिति को दर्शित करते हुये पूर्ण औचित्य सहित सुस्पष्ट प्रस्ताव सहित आगामी बोर्ड बैठक मे विचारार्थ रखा जाये।

मद संख्या–46(14)

निदेशक, मैसर्स सिद्धान्त प्रमोटर्स, ग्राम अन्नेकी हेतमपुर, परगना ज्वालापुर, जिला–हरिद्वार के भू–उपयोग परिवर्तन के आवेदन विषयक ।

इस विषय पर बैठक में विस्तृत विचार विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि इस प्रकरण को प्रस्तावित महायोजना के अर्न्तगत स्थिति को दर्शित करते हुये पूर्ण औचित्य सहित सुस्पष्ट प्रस्ताव सहित आगामी बोर्ड बैठक मे विचारार्थ रखा जाये।

EXECUTIVE ENGIEER
IRRIGATION DIVISION
HARIDWAR

secretary

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद्
हरिद्वार

जिलाधिकारी
हरिद्वार

vice chairman

(टीकमसिंह पंवार)
संयुक्त सचिव
पेयजल, महिला सशक्तिकरण
एवं बाल विकास विभाग
उत्तराखण्ड शासन

chairman

मद संख्या–46(12)

श्री मनमोहन सिह रावत पुत्र श्री अमर सिंह रावत मैसर्स हिमालयन मिनरल वाटर्स प्रा0लि0 ग्राम सलेमपुर जिला–हरिद्वार के भू–उपयोग परिवर्तन विषयक आवेदन ।

श्री मनमोहन सिह रावत पुत्र श्री अमर सिंह रावत मैसर्स हिमालयन मिनरल वाटर्स प्रा0लि0 ग्राम सलेमपुर जिला–हरिद्वार के द्वारा हरिद्वार महायोजना (2001) के निर्धारित कृषि हरित पट्टी (पी–5) से आवासीय उच्च धनत्व (आर–1) में परिवर्तन हेतु दिनांक 28.02.09 में आवेदन किया गया । प्राधिकरण द्वारा जांच करायी गयी। खसरा सं0–1535, 1537, 1551, 1552 का कुल रकबा 2.793 हैक्टेयर प्रस्तावित किया गया । हरिद्वार महायोजना के प्रारूप (2025) में उक्त खसरा का भू–उपयोग आवासीय निम्न धनता (आर–2) प्रदर्शित है। शासनादेश संख्या 1205 दिनांक 12.04.05 के अनुसार कृषि भू–उपयोग से आवासीय भू–उपयोग अनुमन्य है । प्रस्तावित खसरा के अन्तर्गत उल्लिखित भूमि का भू–उपयोग परिवर्तन प्राधिकरण बोर्ड की स्वीकृति उपरान्त शासन से अनुमोदन पर विचार किया जा सकता है।

अतः प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्या–46(13)

श्री राजीव जैन पुत्र श्री सुमेर चन्द जैन, निदेशक, बिंदल टैक्स फैब प्रा0लि0, ग्राम एतमलपुर बोंगला, जिला– हरिद्वार के भू–उपयोग परिवर्तन विषयक आवेदन।

श्री राजीव जैन पुत्र श्री सुमेर चन्द जैन, निदेशक, बिंदल टैक्स फैब प्रा0लि0, ग्राम एतमलपुर बोंगला, जिला– हरिद्वार के द्वारा हरिद्वार महायोजना (2001) के निर्धारित कृषि हरित पट्टी (पी–5) से पर्यटन में परिवर्तन हेतु दिनांक 28.02.09 में आवेदन किया गया । प्राधिकरण द्वारा जांच करायी गयी। खसरा सं0–883, 851 का कुल रकबा 1.789 हैक्टेयर प्रस्तावित किया गया । हरिद्वार महायोजना के प्रारूप (2025) के अनुसार मुख्य मार्ग पर व्यवसायिक एवं पीछे के भाग का भू–उपयोग कृषि हरित पट्टी (पी–5) प्रदर्शित है। शासनादेश संख्या 1205 दिनांक 12.04.05 के अनुसार कृषि भू–उपयोग से पर्यटन में अनुमन्य है । प्रस्तावित खसरा के अन्तर्गत उल्लिखित भूमि का भू–उपयोग परिवर्तन प्राधिकरण बोर्ड की स्वीकृति उपरान्त शासन से अनुमोदन पर विचार किया जा सकता है।

अतः प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्या–46(14)
निदेशक, मैसर्स सिद्धान्त प्रमोटर्स, ग्राम अन्नेकी हेतमपुर, परगना ज्वालापुर, जिला–हरिद्वार के भू–उपयोग परिवर्तन के आवेदन विषयक ।

श्री अजय कुमार , निदशक, मैसर्स सिद्धान्त प्रमोटर्स, ग्राम अन्नेकी हेतमपुर, परगना ज्वालापुर, जिला–हरिद्वार के द्वारा हरिद्वार महायोजना (2001) के निर्धारित कृषि हरित पट्टी (पी–5) से आवासीय भू–उपयोग में परिवर्तन हेतु दिनांक 22.04.09 में आवेदन किया गया । प्राधिकरण द्वारा जांच करायी गयी। खसरा सं0–1375 का कुल रकबा 1.6970 प्रस्तावित किया गया । हरिद्वार महायोजना हेतु प्रस्तावित प्रारूप (2025) में उक्त खसरा दूर संचार के अन्तर्गत प्रदर्शित है। शासनादेश संख्या 1205 दिनांक 12.04.05 के अनुसार कृषि भू–उपयोग से पर्यटन भू–उपयोग अनुमन्य है । प्रस्तावित खसरा के अन्तर्गत उल्लिखित भूमि का भू–उपयोग कृषि से आवासीय भू–परिवर्तन प्राधिकरण बोर्ड की स्वीकृति उपरान्त शासन से अनुमोदन पर विचार किया जा सकता है।
अतः प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्या–46(15)
बाविएरा फार्मास्यूटिकल्स प्रा0लि0, श्यामपुर, हरिद्वार के भू–उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में ।

मैसर्स बाविएरा फार्मास्यूटिकल्स प्रा0लि0, श्यामपुर हरिद्वार द्वारा अनाधिक निर्माण किये जाने पर धारा 27,28 का वाद योजित किया गया विपक्षी द्वारा शमन प्रार्थना के साथ–साथ कृषि से औद्योगिक भू–उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन किया गया। 73399.3125 वर्ग फिट पर औधोगिक/फैक्ट्री के निर्माण का शमन/मानचित्र स्वीकृति हेतु दिनांक 10.07.06 में आवेदन किया गया । उक्त स्थल का भू–उपयोग ऋषिकेश महायोजना (2011) में कृषि हरित पट्टी (पी–5) प्रस्तावित है। विपक्षी द्वारा दिनांक 23.08.06 में भू–उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन किया गया । शासनादेश संख्या 1205/ट/आ0–2005–11(एल.यू.सी.)/2005 दिनांक 12.04.05 के अनुसार कृषि हरित पट्टी (पी–5) से औधोगिक भू–उपयोग अनुमन्य किया गया है। प्रस्तावित खसरा सं0 210 का क्षेत्रफल 1.3850 हैक्टेयर है। शासनादेशानुसार कृषि हरित पट्टी से औधोगिक भू–उपयोग में परिवर्तन प्राधिकरण बोर्ड की स्वीकृति उपरान्त शासन से अनुमोदन पर विचार किया जा सकता है।
अतः प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्या–46(15)
बाविएरा फार्मास्यूटिकल्स प्रा0लि0, श्यामपुर, हरिद्वार के भू–उपयोग परिवर्तन के सम्बन्ध में।

इस विषय पर बैठक में विस्तृत विचार विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि इस प्रकरण को प्रस्तावित महायोजना के अर्न्तगत स्थिति को दर्शित करते हुये पूर्ण औचित्य सहित सुस्पष्ट प्रस्ताव सहित आगामी बोर्ड बैठक मे विचारार्थ रखा जाये।

मद संख्या–46(16)
कु0 ऋतु पाठक पुत्री श्री यशपाल पाठक शिवलोक योजना भाग–2 में भवन संख्या–एच–10ए में किशत गणना त्रुटि के सम्बन्ध मे।

बैठक में इस विषय पर विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

मद संख्या–46(17)
श्रीमती जानकी पाण्डेय पत्नी श्री भोलादत्त पाण्डेय शिवलोक भाग–2 में भवन संख्या–एच–9ए में किशत गणना त्रुटि के सम्बन्ध मे।

बैठक में इस विषय पर विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

मद संख्या–46(18)
श्री मति पुनीता सहगल शिवलोक आवासीय योजना भाग–2 में भवन संख्या : एम–3बी0 प्रथम तल में किशत गणना त्रुटि के सम्बन्ध में ।

बैठक में इस विषय पर विस्तृत विचार–विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि मा0 उच्च न्यायालय के आदेशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

EXECUTIVE ENGIEER
IRRIGATION DIVISION
HARIDWAR

secretary

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
हरिद्वार

जिलाधिकारी
हरिद्वार

vice chairman

(टीकमसिंह पँवार)
संयुक्त सचिव
पेयजल, महिला सशक्तिकरण
एवं बाल विकास विभाग
उत्तराखण्ड शासन

chairman

मद संख्या–46(16)

कु0 ऋतु पाठक पुत्री श्री यशपाल पाठक शिवलोक योजना भाग–2 में भवन संख्या–एच–10ए में किश्त गणना त्रुटि के सम्बन्ध मे।

कु0 ऋतु पाठक को प्राधिकरण द्वारा विकसित शिवलोक आवासीय योजना भाग –2 में भवन संख्या–एच–10ए वर्ष 1992 में 16 तिमाही किश्तों पर भवन आवंटित किया गया था। किश्तों की गणना में लिपिकीय त्रुटि होने के कारण प्रति किश्त रू0–17087/– सूचित कर अनुबन्ध किया गया है।उक्त त्रुटि संज्ञान में आने के पश्चात संशोधित प्रति किश्त राशि रू0 20,758/– देय थी। इस प्रकार गणना अन्तर की धनराशि रू0 3671/– प्रति किश्त से 16 तिमाही किश्तों की अन्तर राशि रू0 58,736/– जमा कराये जाने हेतु आवंटी को सूचित किया गया है।

उक्त आदेश के विरूद्ध आवंटी ने मा0 सिविल जज एस0डी0 हरिद्वार के समक्ष मूल वाद संख्या– 24/95 योजित की गयी। उक्त वाद में निर्णय के द्वारा स्थायी निषेधाज्ञा पारित करते हुए वादीनी से उक्त राशि निषेध की गयी। मा0 सिविल जज एस0डी0 हरिद्वार के उक्त आदेश के विरूद्ध प्राधिकरण द्वारा अपर जिला न्यायाधीश चतुर्थ के समक्ष प्रथम अपील योजित की गयी परन्तु अपील में भी अपील को अस्वीकार करते हुए मा0 न्यायालय ने अपर न्यायालय के आदेश दिनॉक 6–10–2001 की पुष्टि की गयी। अपील में पारित निर्णय 31–8–2007 के विरूद्ध प्राधिकरण द्वारा मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल के समक्ष द्वितीय अपील संख्या–30/2008 दायर की गयी परन्तु मा0 उच्च न्यायालय द्वारा उक्त अपील को अपने आदेश दिनॉक 7–5–2008 के द्वारा निरस्त कर दी गयी ।

प्रश्नगत अपील में मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनॉक 7–5–2008 के द्वारा गणना अन्तर की धनराशि रू0–58,736/– न वसूले जाने के आदेश पारित हुए है तथा दोनों पक्षों के मध्य हुए अनुबन्ध दिनॉक 19–4–94 के अनुसार कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गये है।

अतः मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल के आदेश का अनुपालन करने एंव आवंटी के पक्ष में हुए अनुबन्ध के अनुसार लीजडीड सम्पादित किए जाने हेतु प्रकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ एंव अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्या–46(17)
श्रीमती जानकी पाण्डेय पत्नी श्री भोलादत्त पाण्डेय शिवलोक भाग–2 में भवन संख्या–एच–9ए में किश्त गणना त्रुटि के सम्बन्ध मे।

श्रीमती जानकी पाण्डेय को प्राधिकरण द्वारा विकसित शिवलोक आवासीय योजना भाग –2 में भवन संख्या–एच–9ए वर्ष 1992 में 16 तिमाही किश्तों पर भवन आवंटित किया गया था। किश्तों की गणना में लिपिकीय त्रुटि होने के कारण प्रति किश्त रू0 17087/– सूचित कर अनुबन्ध किया गया है। उक्त त्रुटि संज्ञान में आने के पश्चात संशोधित प्रति किश्त राशि रू0 20,758/– देय थी। इस प्रकार गणना अन्तर की धनराशि रू0 3671/– प्रति किश्त से 16 तिमाही किश्तों की अन्तर राशि रू0 58,736/– जमा कराये जाने हेतु आवंटी को सूचित किया गया है।

उक्त आदेश के विरूद्ध आवंटी ने मा0 सिविल जज एस0डी0 हरिद्वार के समक्ष मूल वाद संख्या– 25/95 योजित की गयी। उक्त वाद में निर्णय के द्वारा स्थायी निषेधाज्ञा पारित करते हुए वादीनी से उक्त राशि निषेध की गयी। मा0 सिविल जज एस0डी0 हरिद्वार के उक्त आदेश के विरूद्ध प्राधिकरण द्वारा अपर जिला न्यायाधीश चतुर्थ के समक्ष प्रथम अपील योजित की गयी परन्तु अपील में भी अपील को अस्वीकार करते हुए मा0 न्यायालय ने अपर न्यायालय के आदेश दिनॉक 23–3–2001 की पुष्टि की गयी। अपील में पारित निर्णय 31–8–2007 के विरूद्ध प्राधिकरण द्वारा मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल के समक्ष द्वितीय अपील संख्या–31/2008 दायर की गयी परन्तु मा0 उच्च न्यायालय द्वारा उक्त अपील को अपने आदेश दिनॉक 7–5–2008 के द्वारा निरस्त कर दी गयी ।

प्रश्नगत अपील में मा0 उच्च न्यायालय के आदेश दिनॉक 7–5–2008 के द्वारा गणना अन्तर की धनराशि रू0 58,736/– न वसूले जाने के आदेश पारित हुए है तथा दोनों पक्षों के मध्य हुए अनुबन्ध दिनॉक 19–4–94 के अनुसार कार्यवाही किए जाने के निर्देष दिए गये है।

अतः मा0 उच्च न्यायालय नैनीताल के आदेश का अनुपालन करने एंव आवंटी के पक्ष में हुए अनुबन्ध के अनुसार लीजडीड सम्पादित किए जाने हेतु प्रकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ एंव अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्या–46(18)
श्री मति पुनीता सहगल शिवलोक आवासीय योजना भाग–2 में भवन संख्या : एम–3बी0 प्रथम तल में किश्त गणना त्रुटि के सम्बन्ध में ।

प्राधिकरण द्वारा विकसित शिवलोक आवासीय योजना भाग–2 में भवन संख्याः–एम–3बी0 (प्रथम तल) श्री मती पुनीता सहगल के नाम 16 तिमाही किश्तों पर आवंटित किया गया था।
आवंटन पत्र में तिमाही किश्त धनराशि रू0 9986/– सूचित कर भवन का अनुबन्ध / कब्जा दि0 22–2–1994 को किया गया।

किश्त में गणना की त्रुटि संज्ञान में आने पर संशोधित किश्त धनराशि रू0 12,131/– की दर से कुल धनराशि रू0–34,320/– जमा किये जाने हेतु आवंटी को सूचित किया गया।
आवंटी द्वारा इसके विरूद्ध मा0 अध्यक्ष उपभोक्ता संरक्षण फोरम हरिद्वार में शिकायत सं0ः–205/2003 योजित की गयी एवं मा0 अध्यक्ष उपभोक्ता फोरम हरिद्वार के निर्णय दि0–8–01–2004 द्वारा यह आदेश पारित किया गया कि शिकायतकर्ता से कोई धनराशि की वसूली न की जाय तथा आवंटी के पक्ष में लीजडीड की कार्यवाही सम्पन्न की जाये ।

उक्त आदेश के विरूद्ध प्राधिकरण द्वारा मा0 राज्य उपभोक्ता फोरम देहरादून के समक्ष अपील सं0–206/2004 योजित की गयी । अपील में मा.0 राज्य फोरम के आदेश दि0–17–01–2005 द्वारा यह आदेश पारित करते हुय जिला उप्भोक्ता फोरम हरिद्वार के आदेश को समाप्त करते हुये शिकायत को पुनः सुनवाई हेतु रिमाण्ड जिला फोरम को किया गया जबकि शिकायत हरिद्वार प्राधिकरण के नाम से योजित की जानी चाहिए थी ।
प्राधिकरण द्वारा उक्त निर्देशों के सापेक्ष गणना अन्तर की धनराशि जमा करने हेतु आवंटी ने अपने पत्र दि0: 23–03–2009 द्वारा यह निवेदन किया है कि मा0 उच्च न्यायालय द्वारा इस प्रकार की ब्याज की गणना त्रुटि को नहीं माना गया है और अन्य मामलों में प्राधिकरण द्वारा मा0 न्यायालय के आदेश के क्रम में गणना अन्तर की राशि को माफ करते हुए आवंटी के पक्ष में लीजडीड सम्पन्न करायी जा चुकी है
आवंटी द्वारा अनुरोध किया गया कि मेरे प्रकरण में भी प्राधिकरण स्तर से निर्णय लिये जाने हेतु प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया जाये ।

उपरोक्त प्रकरण में यह अवगत कराना है कि इसी प्रकार के एक प्रकरण में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा गणना अन्तर की धनराशि को माफ करते हुए आवंटी के पक्ष में लीजडीड किए जाने का आदेश पारित किया गया था।

उक्त आदेश का अनुपालन किए जाने हेतु प्राधिकरण की 45 वी बोर्ड बैठक में प्रकरण प्रस्तुत किया गया था जिसमे मा0 उच्च न्यायालय के आदेश का अनुपालन करते हुए धनराशि माफ की गई और भवन की लीजडीड आवंटी के पक्ष में सम्पन्न करायी जा चुकी है।

अतः प्रस्ताव है कि प्रश्नगत प्रकरण में भी गणना अन्तर की धनराशि को आवंटी के पक्ष में माफ करते हुये पंजीकृत अनुबन्ध के अनुसार भवन की लीजडीड की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाये । प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष विचारार्थ एवं अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्या–46(19)

कर्मचारी सामान्य भविष्य निधि के स्थान पर अंशदायी भविष्य निधि में मूल वेतन,डी0पी0वेतन एंव देय महंगाई के योग पर 10 प्रतिशत अंशदान योजना लागू करने के सम्बन्ध मे।

उत्तराखण्ड शासन, (वित्त सामान्य नियम वेतन आयोग) अनुभाग–7की अधिसूचना संख्या–21 / गगअ11(7)/2005 दिनॉक 25 अक्टूवर 2008 द्वारा शासन के नियन्त्रणाधीन स्वायत्तशासी संस्थाओं में राज्य कर्मचारियों की भॉति वर्तमान पेंशन योजना की भॉति पेंशन योजना लागू की है पेंशन योजना के स्थान पर नव परिभाषित अंशादान पेंशन योजना लागू की गयी है।नई भर्तियों पर 01 अक्टूवर 2005 से अंशदायी पेंशन योजना लागू की गयी है। जिसमें वेतन, डी0पी0 वेतन और महंगाई भत्ते के योग पर 10 प्रतिशत के समतुल्य धनराशि का मासिक अंशदान कर्मचारी के वेतन से किया जायेगा तथा इतनी ही धनराशि कर्मचारी का अंशदान विभाग द्वारा किया जायेगा। इस प्रकार कुल 20 प्रतिशत सामान्य अंशदायी भविष्य निधि के रूप में सी0पी0एफ0 खाते में प्रतिमाह जमा करायी जायेगी।
प्राधिकरण में सामान्य भविष्य निधि के अन्तर्गत जी0पी0एफ0 के स्थान पर सी0पी0एफ0 व्यवस्था लागू है जिसमें मूल वेतन एंव डी0पी0 वेतन के योग का 6.25 प्रतिशत कर्मचारी के वेतन से काटा जाता है और इतनी ही धनराशि प्राधिकरण द्वारा वेतन के साथ अंशदान के रूप में दी जाती है । इस प्रकार कुल 12.50 प्रतिशत कर्मचारी के सी0पी0एफ0 खाते में प्रतिमाह जमा किया जाता है। प्राधिकरण कर्मचारियों का आरोप है कि प्राधिकरण में इस प्रक्रिया से आर्थिक हानि हो रही है।
अतः प्रस्ताव है कि हरिद्वार विकास प्राधिकरण में मूल वेतन,डी0डी0 एंव देय महंगाई के योग पर 10 प्रतिशत अंशदान एंव इतनी ही राशि कर्मचारी के वेतन से कटौती किया जाना उक्त अधिसूचना के अनुरूप एंव कर्मचारियों के हित में है।
नैनीताल विकास प्राधिकरण द्वारा भी इसी आशय से बोर्ड बैठक में प्रस्ताव अनुमोदन पश्चात शासन को सन्दर्भित किया गया है।अतः उचित होगा कि हरिद्वार विकास प्राधिकरण हरिद्वार द्वारा भी प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष इस आशय के साथ प्रस्तुत है कि बोर्ड के अनुमोदन पश्चात प्रकरण शासन को सन्दर्भित कर दिये जाने हेतु प्रस्ताव विचारार्थ एंव अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्या–46(19)

कर्मचारी सामान्य भविष्य निधि के स्थान पर अंशदायी भविष्य निधि में मूल वेतन, डी0पी0 वेतन एंव देय महंगाई के योग पर 10 प्रतिशत अंशदान योजना लागू करने के सम्बन्ध मे।

इस प्रकरण को शासन को सन्दर्भित करने हेतु बोर्ड द्वारा निर्णय लिया गया ।

मद संख्या–46(20)

प्राधिकरण में अनुबन्ध के आधार पर तैनात सेवानिवृत्त लेखपाल के पारिश्रमिक बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में।

प्राधिकरण में अनुबन्ध पर कार्यरत लेखपाल के पारिश्रमिक को रू0 3000 से बढ़ाकर रू0 4500 किये जाने का बोर्ड द्वारा निर्णय लिया गया।

मद संख्या–46(21)

हरिद्वार विकास प्राधिकरण बोर्ड फण्ड के अंतर्गत हरिद्वार एवं मुनि की रेती में ट्रांजिट होस्टल का निर्माण कार्य कराने हेतु औपचारिक स्वीकृति प्रदान करने हेतु विषयक ।

बोर्ड द्वारा निर्देशित की O & M पर विचार कर इसके लिये एक कार्य योजना तैयार की जाय। हरिद्वार एवं मुनि की रेती में ट्रांजिट होस्टल की उपयोगिता को ध्यान में रखते हुये बोर्ड द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकृति प्रदान की गई।

EXECUTIVE ENGIEER IRRIGATION DIVISION HARIDWAR

secreretry | अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हरिद्वार | जिलाधिकारी हरिद्वार | vice chairman | (टीकमसिंह पँवार) संयुक्त सचिव आवास, शहरी विकास एवं बाल विकास विभाग उत्तराखण्ड शासन | chairman

मद संख्या–46(20)
प्राधिकरण में अनुबन्ध के आधार पर तैनात सेवानिवृत्त लेखपाल के पारिश्रमिक बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में।

प्राधिकरण में भू–अर्जन से सम्बन्धित प्रकरणों के लिए प्राधिकरण हित में एक लेखपाल के पद पर नियमित नियुक्ति आवश्यक है। प्राधिकरण में लेखपाल का पद सृजित नहीं है। प्राधिकरण की 19 वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 29–9–1994 के मद संख्या–12(8)में सेवानिवृत्त लेखपाल को रू0 1500/– मासिक पारिश्रमिक अनुबन्ध पर रखे जाने की स्वीकृति दी गयी थी।

प्राधिकरण की 42(11) वीं बोर्ड बैठक दिनॉक 28–12–2006 में रू0 1500/– मासिक पारिश्रमिक से बढ़ाकर रू0 3000/– किया गया था। लेखपाल द्वारा अपने पारिश्रमिक बढाये जाने हेतु पुनः आवेदन किया है तथा वर्तमान में मिल रही पेंशन के अभिलेख की छाया प्रति उपलब्ध करायी है जिसमें पेंशन रू0 4606/– मासिक है। अतः उक्त अभिलेख के आधार पर रू0 3000/– (तीन हजार) से बढाकार रू0 4500/– (चार हजार पांच सौ) मात्र मासिक पारिश्रमिक किए जाने का प्रस्ताव बोर्ड के समक्ष विचारार्थ एंव अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

मद संख्या–46(21)

हरिद्वार विकास प्राधिकरण बोर्ड फण्ड के अंतर्गत हरिद्वार एवं मुनि की रेती में ट्रांजिट होस्टल का निर्माण कार्य कराने हेतु औपचारिक स्वीकृति प्रदान करने हेतु विषयक ।

हरिद्वार एवं ऋषिकेश में प्रत्येक छः वर्ष में कुम्भ /अर्द्धकुम्भ मेलों का आयोजन होता है । इसके अतिरिक्त प्रत्येक वर्ष कॉवड़ मेला एवं समय–समय पर अन्य स्नान पर्व/मेलों का आयोजन भी होता रहता है । सामान्य प्रशासन एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु अन्य जिलों /प्रदेशों से अधिकारी आते है जिन्हें यहॉ रहने में अत्यधिक कठिनाई का सामना करना पड़ता है । इस समस्या के स्थायी समाधान हेतु हरिद्वार एवं ऋषिकेश /मुनि की रेती क्षेत्र में ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कार्य कराये जाने का निर्णय लिया गया है । इस सम्बन्ध में अवगत कराना है कि स्थानीय निकायों को राज्य सरकार द्वारा संग्रहित 02 प्रतिशत अतिरिक्त स्टाम्प शुल्क का भुगतान किया जाता है । प्रमुख सचिव,वित्त,उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रेषित शासनादेश संख्या–30 दिनांक 18 अगस्त, 2005 द्वारा उक्त मद में प्राप्त धनराशि प्राधिकरण बोर्ड द्वारा निर्धारित मद पर व्यय किये जाने के निर्देश है । प्राधिकरण बोर्ड फण्ड में वर्ष 2008–09 तक रूपये– 809.81 की धनराशि उपलब्ध है । अतः उक्त दोनों ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कार्य प्राधिकरण बोर्ड फण्ड से कराने हेतु बोर्ड बैठक की प्रत्याशा में अध्यक्ष / आयुक्त महोदय से निम्नवत स्वीकृति प्राप्ति की गयी :–

कम सं0	ट्रांजिट हॉस्टल के निर्माण का स्थल	निर्माण लागत (रू0 लाख में)	अध्यक्ष/आयुक्त महोदय से प्राप्त स्वीकृति
01	हरिद्वार विकास प्राधिकरण कार्यालय भवन के पीछे एवं अध्यक्ष,नगर पालिका परिषद, हरिद्वार के कैम्प कार्यालय के बगल में रिक्त भूमि	125.00	05–12–2008
02	मुनि की रेती में जिलाधिकारी, टिहरी गढ़वाल द्वारा गंगा नदी के किनारे उपलब्ध करायी गयी भूमि	75.00	05–12–2008

कृपया उपरोक्त दोनों ट्रांजिट हॉस्टल का निर्माण कार्य उपरोक्तानुसार प्राधिकरण बोर्ड फण्ड निधि से कराये जाने हेतु सैद्धान्तिक स्वीकृति प्राप्त किये जाने के लिये प्रस्ताव अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है ।

मद सं0–46(22)
अन्य मद अध्यक्ष की अनुमति से
(1) हरिद्वार ज्वालापुर रोड़ पर आर्यनगर चौक के समीप श्री मति नीता रानी व श्री नीरज कुमार द्वारा प्रस्तावित होटल निर्माण की स्वीकृति विषयक

श्रीमति नीता रानी व श्री नीरज कुमार के प्रार्थना पत्र पर आयुक्त/अध्यक्ष महोदय के आदेश दिनांक 20.05.2009 के क्रम में अवगत कराना है कि इनके द्वारा ज्वालापुर रोड पर आर्यनगर चौक के समीप स्थित भूखण्ड जोकि खसरा न0 2490 व 2491 में स्थित है एवं जिसका रकबा 2148 वर्ग मी0 है पर होटल के निर्माण की स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रचलित हरिद्वार महायोजना 2001 के अनुसार प्रश्नगत स्थल का भू–उपयोग आवासीय के अन्तर्गत है। जोनिंग रेगुलेशन के अनुसार उक्त भूअपयोग के अन्तर्गत होटल का निर्माण विशेष परिस्थितियों में प्राधिकरण बोर्ड द्वारा ही अनुमन्य किया जा सकता है। भवन उपविधि के अनुसार होटल के निर्माण हेतु न्यूनतम आवश्यक भूखण्ड क्षेत्रफल 1500 वर्ग मी0 होना आवश्यक है आवेदक का भूखण्ड क्षेत्रफल अनुमन्य से अधिक है। प्रश्नगत स्थल का भूपयोग प्रस्तावित महायोजना के प्रारूप (2025) के अनुसार आवासीय प्रदर्शित है।

अतः आवासीय भू–उपयोग के अन्तर्गत होटल के निर्माण के अनुमन्य का प्रस्ताव प्राधिकरण बोर्ड के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत है।

मद सं0–46(22) अन्य मद अध्यक्ष की अनुमति से

(1) हरिद्वार ज्वालापुर रोड़ पर आर्यनगर चौक के समीप श्री मति नीता रानी व श्री नीरज कुमार द्वारा प्रस्तावित होटल निर्माण की स्वीकृति विषयक।

विचार विमर्श के उपरान्त निर्णय लिया गया कि इस प्रकरण पर विस्तृत एवं औचित्यपूर्ण विवरण तैयार कर परिचालन विधि से स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया जाये।

अन्त में उपाध्यक्ष द्वारा अध्यक्ष महोदय को प्राधिकरण की बोर्ड बैठक हेतु व्यस्ततम कार्यक्रमों में से समय प्रदान करने हेतु विशेष आभार व्यक्त करते हुये अध्यक्ष महोदय की अनुमति से बैठक को समाप्त किया गया।

EXECUTIVE ENGIEER
IRRIGATION DIVISION
HARIDWAR

secretary

vice chairman

chairman

S. T. C. P.
T & C Planning Deptt.,
Department of Housing,
Govt. of Uttarakhand Dehradun